


1. समावेशी विकास से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर -: विकास की यह प्रक्रिया जो विकास के लाभ को समाज के अंतिम पायदान पर स्थित लोगों तक पहुंचाने , उनका जीवन स्तर ऊँचा उठाने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने का प्रयास करती है , वह प्रक्रिया समावेशी विकास कहलाती है ।

2. वैश्वीकरण से आप क्या समझते है ?

उत्तर :- वैश्वीकरण का अर्थ विश्व की विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं में ताल मेल स्थापित करना और उन्हें एक - दूसरे से जोड़ना है । इस व्यवस्था में वस्तुओं के आयात एवं निर्यात पर कोई प्रतिबंध नहीं होता है । इसके अन्तर्गत विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाएँ एक बाजार का रूप ले लेती है|

3. प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है ?

उत्तर- पृथ्वी पर कुछ ऐसे प्राकृतिक संसाधन ऐसे हैं जिनकी मात्रा सीमित है। यदि वैसे संसाधनों का आवश्यकता से अधिक उपयोग करेंगे तो वे बहुत जल्द समाप्त हो जायेंगे और समाप्त होने के बाद इनका पुनः निर्माण नही हो पाएगा है। अतः संसाधनों का संरक्षण आवश्यक है।

4. पेट्रोलियम से किन-किन वस्तुओं का निर्माण होता है?

उत्तर- पेट्रोलियम एक शक्ति संसाधन है, जिसका हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्त्व है। इसका मुख्य उपयोग यातायात के साधनों में ईंधन के रूप में होता है। इसके अलावा औद्योगिक मशीनों में स्नेहक के रूप में होता है। पेट्रोलियम का उपयोग संश्लेषित वस्त्र, उर्वरक, रसायन उद्योग, कीटनाशक दवा एवं कृत्रिम रबर बनाने में भी किया जाता है।

BY Abhishek Sir
BK Online Solution

5. उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण से आप क्या समझते है ?

उत्तर :- उदारीकरण -उदारीकरण का अर्थ ऐसे नियंत्रण में ढील देना या उन्हें हटा लेना है, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिले

निजीकरण - निजीकरण का अर्थ उस अर्थव्यवस्था से है जिसमें सरकारी हस्तक्षेप एवं नियंत्रण के जगह निजी क्षेत्र को महत्त्व प्रदान करना है ।

वैश्वीकरण -वैश्वीकरण का अर्थ देश की अर्थव्यवस्था को अन्तर्राष्ट्रीय अर्थव्यस्था के साथ जोड़ना है ।

6. समोच्च रखा से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर :- समुद्र की सतह के समान ऊँचाई वाले स्थानों को मिलाने वालों रेखा समोच्च रेखा कहलाती है । भिन्न - भिन्न ऊँचाई के लिए अलग - अलग प्रारूप की रेखाएँ खींची जाती है ।

7. जर्मनी के एकीकरण की बाधाएँ क्या थी?

उत्तर - जर्मनी के एकीकरण में निम्नलिखित प्रमुख बाधाएँ थीं-

(i) लगभग 300, छोटे-बड़े राज्य

(ii) इन राज्यों में व्याप्त राजनीतिक, सामाजिक तथा धार्मिक विषमताएँ

(iii) राष्ट्रवाद की भावना का अभाव

(iv) ऑस्ट्रिया का हस्तक्षेप तथा

(v) मेटरनिख की प्रतिक्रियावादी नीति।

8. सर्वहारा वर्ग किसे कहते है?

उत्तर- समाज का वह वर्ग जिसमें गरीब किसान, कृषक मजदूर, सामान्य मजदूर, श्रमिक एवं आम लोग शामिल हो, उसे सर्वहारा वर्ग कहते है | उसे बहुत सरे आधिकार नही मिलता था |

9. दांडी यात्रा का क्या उद्देश्य था?

उत्तर- दांडी यात्रा की शुरुआत 12 मार्च , 1930 को नमक कानून भंग करने के लिए की गई । नमक के उत्पादन पर अंग्रेजी सरकार का नियंत्रण था । गाँधीजी इसे अन्याय समझते थे । अतः दांडी पहुँचकर 6 अप्रैल को समुद्र के पानी से नमक बनाकर उन्होंने नमक कानून भंग किया । जिसके कारण सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हुआ ।

**10. रॉलेट एक्ट से आप क्या समझते हैं ?**

उत्तर- बढ़ती हुई क्रांतिकारी घटनाओं एवं असंतोष को दबाने के लिए लॉर्ड चेम्सफोर्ड न्यायाधीश सिडनी रॉलेट की अध्यक्षता में 25 मार्च 1919 ई० को रॉलेट एक्ट पारित हुआ। इसके अन्तर्गत किसी व्यक्ति को शक के आधार पर बिना वारंट के गिरफ्तार कर लिए जाता था | उसके लिए न कोई अपील न दलील और ही वकील शिफारिश कर सकती थी । गाँधी जी ने इस एक्ट को काला कानून कहा था |

BY Ashfaque Sir
A A Online Solution

**11. सांप्रदायिकता की परिभाषा दें ?**

उत्तर – जब हम यह कहते हैं कि धर्म ही समाज का निर्माण करती है तो सांप्रदायिक राजनीति का जन्म होता है और इस अवधारणा पर आधारित सोच ही संप्रदायिकता है इसके अनुसार एक धर्म विशेष में आस्था रखने वाले एक ही समुदाय के होते हैं और उनके मौलिक तथा महत्वपूर्ण हित एक जैसे होते हैं।

**12. साम्प्रदायिकता के किन्हीं चार कारणों को लिखें।**

उत्तर- साम्प्रदायिकता के चार कारण निम्नांकित है।

(i) संकीर्ण धार्मिक विचारधारा।

(ii) अपने धर्म को अन्य धर्मों से अधिक श्रेष्ठ मानना ।

(iii) अन्य धर्मों के प्रति घृणा फैलाना ।

(iv) अपने धार्मिक हितों के लिए राष्ट्रहित को न समझना।

**13. लोकतंत्र से आप क्या समझते हैं ?**

उत्तर :- लोकतंत्र का अर्थ है ' जनता का शासन ' । लोकतंत्र में जनता स्वयं शासन कार्य में भाग लेती है । वह अपने प्रतिनिधियों को चुनती है । सरकार जनता की प्रतिनिधि सभा के प्रति उत्तरदायी होती है । इस प्रकार लोकतंत्र की सबसे अच्छी परिभाषा अब्राहम लिंकन की मानी जाती है । उनके अनुसार , " लोकतंत्र जनता की जनता द्वारा और जनता के लिए सरकार है ।

**14. सुनामी से उत्पन्न तबाही से बचाव के कोई तीन उपाय बताइए।**

उत्तर- सुनामी से उत्पन्न तबाही से बचाव के निम्नलिखित तीन उपाय हैं-

(i) समुद्र तट से दूर बसना चाहिए।

(ii) समुद्र के किनारे का तटबंध मजबूत होना चाहिए।

(iii) समुद्र तट पर अधिक संख्या में मैंग्रोव के पेड़ लगाना चाहिए।

**15. आपदा से आप क्या समझते हैं?**

उत्तर- कुछ दुर्घटनाएँ ऐसी होती है जो बिना बुलाए अचानक आ जाती है और थोड़े समय में ही जन धन की अध्यधिक क्षति पहुँचा देती है। ये हमें संकट की स्थिति में ला देती है। संकट की स्थिति उत्पन्न करनेवाली ऐसी कोई भयावह घटना 'आपदा' कहलाती है।

**16. भूकंप केंद्र और अधिकेंद्र में अन्तर स्पष्ट करें।**

उत्तर- भूपटल पर वे केंद्र जहाँ भूकंप के तरंग का सर्वप्रथम अनुभव होता है।वह अधिकेन्द्र कहलाता है जबकि भूपटल के नीचे का वह स्थल जहाँ भूकंपीय कंपन प्रारंभ होता है वह भूकंप केंद्र कहलाता है |